# वर्द्धमान News

Digital Edition — शिक्षा का उजियारा

ब्यावर, 18 नवम्बर 2025, मंगलवार | Email : vardhmannewsbwr@gmail.com | मूल्य : निःशुल्क


## वर्द्धमान इंटरनेशनल स्कूल में बाल मेला

# बच्चों संग अभिभावकों ने किया एंजॉय, फूड स्टॉल्स पर लगाये चटखारे







श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर द्वारा संचालित वर्द्धमान इंटरनेशनल स्कूल (वर्द्धमान रूट्स) में रविवार को सैफरॉन फन फिएस्टा में छोटे बच्चों संग उनके मम्मी,पापा,दादा,दादी एवं परिवार जनों ने खूब एंजॉय किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ संजय सिंह गहलोत (मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला ब्यावर) ने मां सरस्वती, महावीर स्वामी की तस्वीर पर माला पहना कर, नवकार मंत्र स्मरण करके शुभारंभ किया। समिति के मंत्री डॉ नरेंद्र पारख ने मुख्य अतिथि का माला पहना कर एवं बुके देकर स्वागत किया। मेले में विभिन्न तरह की लज़ीज़ खाद्य व्यंजनों की स्टॉल्स, मनोरंजक गेम्स, पेटिंग जू, मिकी माउस, ट्रंपोलाइन, हॉर्स राइडिंग, के साथ क्रिएटिव कॉर्नर( टैटू, नेल आर्ट, क्ले मॉडलिंग) का आकर्षण रहा।

समिति द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान फैशन डिजाइनिंग एंड मेकअप आर्टिस्ट विभाग द्वारा लगाई गई स्पेशल स्टॉल पर सर्वाधिक क्रेज देखा गया। यहां आगंतुक लेडीज को निःशुल्क ब्यूटी टिप्स दिए गए एवं आकर्षक नेल आर्ट बनाए गए।











# गोठी स्कूल इंटर हाउस हैण्डबॉल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

## समिति पदाधिकारियों ने की खिलाड़ियों की हौसला अफजाई

वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर द्वारा संचालित भँवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सैकण्डरी स्कूल में इंटर हाउस हैण्डबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वर्द्धमान कन्या पी. जी. महाविद्यालय के खेल मैदान में प्रतियोगिता का शुभारंभ श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति मंत्री डॉ नरेन्द्र पारख ने टॉस करवा कर किया। शारीरिक शिक्षक व हैण्डबॉल कोच समीर एस. कुमार ने डॉ. पारख से सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों का परिचय करवाया। इस अवसर पर श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति सहमंत्री सुनील ओस्तवाल, समिति सदस्य उत्तम देरासरिया व प्राचार्य धर्मेन्द्र कुमार शर्मा ने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलनें हेतु प्रेरित करते हुए शुभकामनाएँ दी। यह प्रतियोगिता जूनियर व सीनियर वर्ग में रखी गई। जिसमें छात्रों ने बड़े उत्साह व जोश के साथ भाग लिया। यह प्रतियोगिता चार हाउस में विभाजित रही।

जिसका परिणाम इस प्रकार रहा – जूनियर वर्ग में गोल्ड हाउस प्रथम, रेड हाउस द्वितीय स्थान पर रहा। सीनियर छात्र वर्ग में गोल्ड हाउस प्रथम, रेड हाउस द्वितीय स्थान पर रहा। इस प्रतियोगिता में ज्योति चौहान संयोजक व निर्णायक तथा गौतम चौहान आई.पी. ने टाइम कीपर की भूमिका निभाई। इस अवसर पर श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख, शाला निदेशक डॉ. आर. सी. लोढ़ा, विद्यालय प्राचार्य धर्मेन्द्र कुमार शर्मा व उपप्राचार्या श्रीमती सुनीता चौधरी, ने सभी विजेताओं को शुभकामना देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

## ब्यावर के गौरव ब्ल्यू स्काई भामाशाह कर्णावट परिवार का कोटिशः आभार, सादर साधुवाद

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के समर्पित सदस्य,प्रसिद्ध समाज सेवी सुश्रावक श्री राजेंद्र जी कर्णावट की प्रेरणा से उनके सुपुत्र धर्मपरायण,युवाचेता, ब्लू स्काई परिवार के प्रमुख, प्रसिद्ध उद्यमी श्री सिद्धार्थ जी गौरव जी कर्णावट ब्यावर द्वारा अपने संचित धन का सर्वोत्तम उपयोग महिला शिक्षा उन्नयन एवं शैक्षणिक सुविधाओं की अभिवृद्धि हेतु दान के संकल्प को अपनाकर आदर्श स्थापित किया है।

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या पी जी महाविद्यालय में चयनित अभावग्रस्त छात्राओं के शिक्षण शुल्क में पांच लाख रुपए से अधिक विपुल धनराशि का अर्थ सहयोग प्रदान करने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है। समस्त वर्द्धमान परिवार की ओर से ब्ल्यू स्काई टीम (भामाशाह कर्णावट परिवार) का हार्दिक आभार, साधुवाद..

**निवेदक**

**सुनील खेतपालिया** (अध्यक्ष)
**डा नरेन्द्र पारख** (मंत्री)
**देवराज लोढ़ा** (कोषाध्यक्ष)



# भामाशाह उगमचंद कोठारी का किया अभिनन्दन





श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या पीजी महाविद्यालय परिसर में नवनिर्माण के लिए कोठारी विंग में अर्थ सहयोग की उदघोषणा करने वाले भामाशाह कोठारी परिवार के प्रमुख श्री उगमचंद जी कोठारी (चेन्नई,ब्यावर) का ब्यावर पधारने पर वर्द्धमान परिवार द्वारा बहुमान किया गया। समिति के मंत्री डॉ नरेंद्र पारख, कोषाध्यक्ष देवराज लोढ़ा, कॉलेज प्राचार्य डॉ आर सी लोढ़ा ने पुष्पगुच्छ देकर बहुमान किया। आगंतुक अतिथि उगमचंद कोठारी ने महिला शिक्षा के प्रति समर्पित इस संस्था द्वारा संचालित कॉलेज के आधुनिक सर्व सुविधा युक्त कैम्पस को देखकर अति प्रसन्नता जताई।इस अवसर पर प्रबंधक नेहा जैन ,जन संपर्क अधिकारी बबलू अग्रवाल भी उपस्थित थे। ज्ञातव्य है कि विगत दिनों में इनके सुपुत्र भामाशाह कमलेश जी कोठारी द्वारा आधुनिक सुविधाओं से युक्त कोठारी विंग के नवनिर्माण हेतु शिलान्यास किया जा चुका है।













# सैफरॉन फन फिएस्टा फोटो फीचर्स...


















श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर द्वारा संचालित वर्द्धमान इंटरनेशनल स्कूल (वर्द्धमान रूट्स) में रविवार को सैफरॉन फन फिएस्टा में छोटे बच्चों संग उनके मम्मी, पापा, दादा, दादी एवं परिवार जनों ने खूब एंजॉय किया...











# श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित वर्द्धमान इंटरनेशनल स्कूल में बहुप्रतीक्षित भव्य फेयर सैफ्रॉन फन फिएस्टा का आयोजन

यह हर व्यक्ति के भीतर बचपन और बच्चे की भावना को जीवित रखने का एक प्रयास था। वर्द्धमान इंटरनेशनल स्कूल ने बच्चों को मौज-मस्ती और हँसी से भरी दुनिया में गोता लगाने का अवसर दिया

40 से अधिक स्टॉल बने आकर्षण का केंद्र

फेयर का उद्घाटन मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला ब्यावर डॉ. संजय सिंह गहलोत, श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ नरेन्द्र पारख, प्रबंधकारिणी सदस्य प्रवीण खेतपालिया, श्री वर्द्धमान कन्या महाविद्यालय की अकादमिक प्रभारी डॉ. नीलम लोढ़ा, विद्यालय प्राचार्य श्वेता नाहर ने नवकार मंत्र के उच्चारण के साथ फीता काटकर किया।

पूरा परिसर रंग-बिरंगी सजावट से सुसज्जित किया गया । फेयर में विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट खाने-पीने के फूड स्टॉल , विभिन्न प्रकार के रोमांचक गेम जोन, घोड़े की सवारी, बच्चों में सीख और आनंद के अनोखे अनुभव हेतु पेटिंग जू, मिकी माउस मसकट, क्ले आर्ट, रेजिन आर्ट गैलेरी व पेंटिंग, टैटू एवं नेल स्टॉल आदि मुख्य आकर्षण रहे।

नन्हे मुन्हे बच्चों के साथ-साथ सैकड़ों अभिभावकों ने भी फेयर का खूब आनंद लिया। चमकीले कपड़े पहने बच्चे अपने माता-पिता के साथ खुशी-खुशी एक स्टॉल से दूसरे स्टॉल पर घूम रहे थे।


मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला ब्यावर डॉ. संजय सिंह गहलोत ने बताया कि यदि आत्मनिर्भर समाज का निर्माण करना है, तो समाज के प्रत्येक व्यक्ति को आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनना होगा। इस फेयर का मुख्य अतिथि बनकर मुझे बहुत खुशी हुई है। मैंने यहाँ आकर यह अनुभव किया है, कि वर्द्धमान परिवार 'अबोध बालकों को सुबोध नागरिक' बनाने की ओर सतत् आगे बढ़ रहा है।

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ नरेन्द्र पारख ने बताया कि हम बच्चों में शैक्षणिक उत्कृष्टता, रचनात्मकता, सौहार्द और नेतृत्व कौशल के सृजन और पोषण के साथ-साथ उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच प्रदान करने का प्रयास करते हैं। फेयर का सफल आयोजन इन आदर्शों के प्रति वर्द्धमान की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

फेयर के अंत में विद्यालय प्राचार्य श्वेता नाहर ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बताया कि इस तरह के आयोजन से बच्चों तथा अध्यापकों के मध्य आत्मीय संबंध तथा सहज वातावरण का सृजन होता है, जिससे कि बच्चों की पढ़ाई में भी सकारात्मक प्रगति देखी जा सकती है।



# वर्द्धमान गर्ल्स कॉलेज में विश्व विज्ञान दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता एवं व्याख्यान हुआ आयोजित












श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ आर.सी.लोढ़ा के निर्देशन एवं विज्ञान विभाग के तत्वाधान में विश्व विज्ञान दिवस के तहत पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने अपने कौशल एवं रचनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए विविध वैज्ञानिक सिद्धांतो जैसे भ्रूण विकास के विभिन्न चरण, प्रदूषण, ब्लैक हॉल, मंगल ग्रह पर जीवन की संभावनाएं आदि से संबंधित रंग-बिरंगे पोस्टर प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ दीपाली लाल ने छात्राओं को बताया कि विज्ञान हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है जो समाज के विकास में अहम भूमिका निभाता है। शांति और विकास के लिए विश्व विज्ञान दिवस आम जनता को उनके जीवन में विज्ञान की प्रासंगिकता दिखाने और उन्हें चर्चाओं में शामिल करने का एक अवसर प्रदान करता है।

अकादमिक प्रभारी डॉ. नीलम लोढ़ा ने बताया कि ऐसे आयोजन से छात्राओं में वैज्ञानिक चेतना, नवाचार की भावना और खोज की प्रवृत्ति को प्रोत्साहन मिलता हैं। कार्यक्रम में विज्ञान व्याख्याता कोमल गुप्ता, पंकज शर्मा, सुरेन्द्र सिंह, सुनीता कुमारी एव हर्षिता शर्मा का विशेष योगदान रहा।

वर्द्धमान की छात्राओं ने पीएम श्री छावनी स्कूल का अवलोकन कर पीएम श्री योजना (प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया) व नवीन शिक्षा नीति 2020 की जानकारी प्राप्त की। आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा के निर्देशानुसार छात्राओं को सरकार के पीएम श्री योजना (प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया) व नवीन शिक्षा नीति 2020 के बारे में जागरूक करने हेतु वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग की छात्राओं ने व्याख्याता डॉ. रीना कुमारी एवं गिरीश कुमार बैरवा के साथ पीएमश्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, छावनी का अवलोकन किया।

विद्यालय प्रधानाचार्या विमला चौहान ने छात्राओं को जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति का लक्ष्य भारत को अनुसंधान और इनोवेशन का केंद्र बनाना है इसीलिए पीएम-श्री योजना द्वारा बच्चों को पढ़ने पढ़ाने के रूचिकर तरीकों के साथ ही उनमें नवाचार व नेतृत्व क्षमता विकसित की जा रही है।






# वर्द्धमान महाविद्यालय में इंस्टीट्यूट इनोवेशन काउंसिल द्वारा राष्ट्रीय उद्यमिता दिवस पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

## छात्राओं ने स्वरोजगार के गुर सीखे और सरकारी योजनाओं की जानकारी जानी





श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय में इंस्टीट्यूट इनोवेशन काउंसिल के तत्वावधान एवं प्राचार्य डॉ आर.सी.लोढ़ा के निर्देशन में राष्ट्रीय उद्यमिता दिवस पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया गया। कार्यशाला का उद्देश्य छात्राओं को नवाचार और उद्यमिता का व्यावहारिक प्रशिक्षण देते हुए आर्थिक विकास में उद्यमिता की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूक करना, साथ ही उद्यमशीलता की यात्रा में निहित चुनौतियों और अवसरों पर भी प्रकाश डाला। डॉ दीपाली लाल ने व्यवसायिक दुनिया में प्रायोगिक अनुभव की महत्ता पर विचार साझा करते हुए उद्यमिता, स्वरोजगार और आत्मनिर्भर भारत पर विचार रखे। डॉ एम.एल शर्मा ने बताया कि सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए छात्राओं को आत्मविश्वास और नवाचार के साथ उद्यमशीलता के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। डॉ रविन्द्र टेलर ने छात्राओं को दृढ़ संकल्प, अनुकूलनशीलता और चुनौतियों को विकास के अवसर के रूप में देखने के महत्व पर जोर दिया। अकादमिक प्रभारी डॉ. नीलम लोढ़ा ने औपचारिक शिक्षा की तुलना में कौशल और नवाचार के महत्व, महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता की आवश्यकता और सामाजिक एवं व्यक्तिगत बाधाओं को दूर करने के लिए आवश्यक मानसिकता पर जोर दिया। राजनीति विज्ञान व्याख्याता लवीना ज्ञानचंदानी ने नए स्टार्टअप के उदाहरण देते हुए युवा उद्यमियों के लिए आवश्यक गुणों के रूप में प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने, लचीलापन और निरंतर सीखने के महत्व पर बल दिया। छात्राओं ने उद्यमिता से संबंधित अनेक प्रश्न पूछे और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया, जिससे सत्र अत्यंत संवादात्मक और सार्थक बना। कार्यक्रम के समापन में इंस्टीट्यूट इनोवेशन काउंसिल समन्वयक राजकुमारी कुमावत ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में बीसीए विभागाध्यक्ष नवीन देवड़ा का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में गिरीश कुमार बैरवा, डॉ रीना ठाकुर, राशि सोनी, प्रिया अरोड़ा, कीर्ति पोरवाल, कविता परसोया एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रही।








# गोठी स्कूल में मनाया बाल दिवस

## नृत्य प्रतियोगिता में प्रस्तुतियों ने मोहा मन















श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित भँवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सैकण्डरी स्कूल में पंडित जवाहरलाल नेहरु की 136वीं जयंती के अवसर पर 14 नवंबर 2025 को बड़े उत्सव के साथ बाल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र कुमार शर्मा ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरु एक महान नेता, विचारक, दूरदर्शी और एक सच्चे राजनेता थे। उन्होंने बताया कि स्वतंत्र भारत के पहले प्रधानमंत्री को बच्चों से बेहद प्यार था जिन्होनें देश को एक नए और गौरवशाली भविष्य की ओर अग्रसर किया। प्रधानाचार्य ने जवाहरलाल नेहरु के कथन को दोहराते हुए कहा कि आज के बच्चे कल का भारत बनाएंगे। जिस तरह से हम उनका पालन पोषण करेंगें वही देश का भविष्य तय करेंगे। इसलिए यह हम सब का कर्तव्य है कि हम बच्चों को ना केवल बेहतर शिक्षा बल्कि अच्छे संस्कार भी दें ताकि वे अपने जीवन में सफल बन सके।

कार्यक्रम का शुभारंभ गणपति वंदना के साथ हुआ। इसके बाद सभी शिक्षिकाओं ने बच्चों के लिए बेहद सुंदर गीत गाकर बाल दिवस की शुभकामनाएँ दी।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों के लिए डांस कॉम्पीटिशन का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कॉम्पीटिशन को एकल (सोलो) व सामूहिक (ग्रुप) दो भागों में रखा गया। बेहद आर्कषक, रंगारंग व उर्जावान प्रस्तुतियों से बालक - बालिकाओं ने कार्यक्रम में उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यार्थियों ने राजस्थानी, पंजाबी, हिन्दी पारंपरिक लोक गीतों व फिल्मी गीतों पर एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियाँ देकर कार्यक्रम में मौजूद सभी दर्शकों को उत्साह से झूमने पर मजबूर कर दिया।

एकल नृत्य (सोलो डांस) जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान जाह्नवी (गोल्ड हाउस), द्वितीय स्थान पर तनुष व्यास (रेड हाउस) व तृतीय स्थान पर कोयना शर्मा (ब्लू हाउस), लक्षिता सोनी (ग्रीन हाउस) रही। इसी प्रकार सीनियर वर्ग में पायल चौहान व वैष्णवी (रेड हाउस) प्रथम स्थान, सेजल सोनी (गोल्ड हाउस) द्वितीय स्थान एवं तोयषी चौहान (ग्रीन हाउस) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

सामूहिक नृत्य (ग्रुप डांस) में गोल्ड हाउस प्रथम, ग्रीन हाउस द्वितीय व ब्लू हाउस तृतीय स्थान पर रहा।

विद्यालय में बाल दिवस को भव्यता और उत्सव के साथ मनाया गया यह एक ऐसा दिन था जिसमें मौज-मस्ती का बोलबाला था। सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने किसी की हंसी, किसी की खुशी गीत गाकर वातावरण को और भी खुशनुमा बना दिया।

कार्यक्रम समन्वयक समीर एस. कुमार ने विद्यार्थियों को बाल दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम का संयोजन ज्योति चौहान एवं मेरी डेनियल द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन रुचि वर्मा ने किया। निर्णायक की भूमिका मोनिका सबलानी व आकांक्षा बांगड़ द्वारा निभाई गई।

इस अवसर पर श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख, शाला निदेशक डॉ आर.सी. लोढ़ा, विद्यालय प्राचार्य धर्मेन्द्र कुमार शर्मा व उपप्राचार्या श्रीमती सुनीता चौधरी एवं सभी अध्यापक - अध्यापिकाओं नें सभी छात्र-छात्राओं को बाल दिवस की शुभकामना देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।




# वर्द्धमान कॉलेज में वर्ल्ड डायबिटीज डे मनाया






श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय में आईक्यूएसी, विज्ञान विभाग व रेड रिबन के संयुक्त तत्वावधान में वर्ल्ड डायबिटीज डे पर जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डायबिटीज विशेषज्ञ डॉ ऋषभ पुरोहित ने डायबिटीज के प्रकार, लक्षण, जोखिम कारक, बचाव के उपायों व उपचारों की भूमिका पर छात्राओं को विस्तृत जानकारी प्रदान की।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आर.सी.लोढ़ा ने बताया कि स्वस्थ आहार, नियमित व्यायाम, तनाव प्रबंध, पर्याप्त नींद व नियमित जांच के द्वारा डायबिटीज पर विजय प्राप्त की जा सकती है।

कार्यक्रम का संचालन भौतिक विज्ञान व्याख्याता कोमल गुप्ता एवं रेड रिबन प्रभारी निधि पंवार ने किया।

**छात्राओं को भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी पर लघु फिल्म/डॉक्यूमेंट्री दिखाई**-राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में महान जननायक भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती के कार्यक्रमों की श्रृंखला में छात्राओं के लिये एक विशेष लघु फिल्म/ डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन किया गया। जिसमें भगवान बिरसा मुंडा के जीवन चरित्र, व्यक्तित्व, कृतित्व, स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान तथा जनजातीय समाज के उत्थान के प्रति उनके संघर्ष को विस्तार से दर्शाया गया। छात्राओं ने बड़े ध्यानपूर्वक डॉक्यूमेंट्री का अवलोकन किया और भगवान बिरसा मुंडा के जीवन से जुड़ी प्रेरणादायक जानकारियां प्राप्त की। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आर. सी. लोढ़ा ने छात्राओं को संबोधित करते हुये कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों से प्रेरणा लेकर छात्राएं समाज व राष्ट्र के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

# वर्द्धमान कॉलेज में नशा मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत निकाली रैली

## समिति के मंत्री ने झंडी दिखाकर रैली को किया रवाना




श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं ईएलसी के संयुक्त तत्वावधान में वंदे मातरम् के सामूहिक वाचन के साथ नशा मुक्त भारत, तंबाकू मुक्त अभियान एवं विशेष गहन पुनरीक्षण एस.आई.आर के तहत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आर.सी. लोढ़ा, श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ नरेन्द्र पारख, सहमंत्री सुनील कुमार ओस्तवाल, प्रबंधकारिणी सदस्य उत्तमचंद देरासरिया ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में छात्राओं ने हाथ में बैनर एवं पोस्टर लेकर नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो, युवाओं का नारा-नशा मुक्त हो देश हमारा जैसे नारों के माध्यम से लोगों को समाज में व्याप्त विभिन्न प्रकार के नशे से दूर रहकर अच्छा जीवन जीने का संदेश दिया गया।

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ नरेन्द्र पारख ने बताया कि आज युवा पीढ़ी नशे के अंधकार में जा रही है। उन्हें बचाने के लिए इस प्रकार के जनजागरूकता अभियान अत्यंत आवश्यक है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आर.सी. लोढ़ा ने बताया कि ऐसे जागरूकता अभियानों से समाज में सकारात्मक बदलाव आता है और युवा वर्ग को एक सही दिशा मिलती है।

ईएलसी प्रभारी राजकुमारी कुमावत ने मतदान के प्रति छात्राओं को जागरूक करते हुए बताया कि जिन छात्राओं की आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, वह अपना मतदाता पहचान पत्र अवश्य बनवाएं और आगामी चुनावों में सक्रिय रूप से भाग ले।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी प्रीति शर्मा, तम्बाकू मुक्त अभियान प्रभारी डॉ रीना कुमारी, रेड रिबन प्रभारी निधि पंवार, बीसीए विभागाध्यक्ष नवीन देवड़ा, गिरीश कुमार बैरवा, नितिन साहू, सुनील, कविता परसोया, लवीना ज्ञानचंदानी, दीपा मिस्त्री सहित समस्त स्टाफ, कर्मचारीगण एवं छात्राएं उपस्थित रही।

# सुनील खेतपालिया ने किया राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े का अभिनंदन



**संस्कृति युवा मंच जयपुर द्वारा आयोजित दीपावली स्नेह मिलन के शुभावसर पर राजस्थान के राज्यपाल महामहिम हरिभाऊ बागड़े का अभिनन्दन कर स्मृति चिन्ह भेंट करते समाजसेवी एवं वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर के अध्यक्ष श्री सुनील खेतपालिया**

# वर्द्धमान महाविद्यालय में रंगोली बनाकर दिया मतदान जागरूकता का संदेश







श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय में जिला निर्वाचन अधिकारी ब्यावर के निर्देशानुसार विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत ईएलसी के तत्वाधान में स्वीप गतिविधि में रंगोली बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आर.सी. लोढा ने छात्राओं को मतदान के महत्व और निष्पक्ष मतदान की सीख प्रदान करते हुए नव मतदाता के रूप में अपना नाम जुडवाने और लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

ईएलसी प्रभारी राजकुमारी कुमावत द्वारा छात्राओं को मतदान के अधिकार और कर्तव्य पर सारगर्भित संदेश देते हुए मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी प्रदान की।


### वर्द्धमान महाविद्यालय में वंदे मातरम का निरंतर सामूहिक वाचन

**श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय में निरन्तर राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सामूहिक वाचन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आर.सी. लोढ़ा ने बताया कि यह गीत भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान सेनानियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत और राष्ट्रीय भावना का प्रतीक बना रहा। इसी भावना को जीवंत रखने के उद्देश्य से महाविद्यालय में 26 नवंबर 2025 तक प्रतिदिन वंदे मातरम का सामूहिक गान किया जा रहा है।**

# 'नाज' के छात्र का सैनिक स्कूल में चयन

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ के विद्यार्थी हैत्विक कंबोज का मेरिट लिस्ट के आधार पर सैनिक स्कूल में चयन हुआ। प्रधानाचार्या डॉ निवेदिता पाठक ने बताया कि विद्यार्थी का सैनिक स्कूल में चयन होना खुशी का विषय है और अन्य विद्यार्थियों के लिए यह उपलब्धि प्रेरणा है।विद्यालय में बच्चों को शिक्षा के साथ साथ विविध गतिविधियों द्वारा भी बच्चों का सर्वांगीण विकास किया जाता है।

वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ नरेंद्र पारख, शैक्षणिक निदेशक डॉ आर सी लोढ़ा, प्राचार्या डॉ निवेदिता पाठक, उपप्राचार्य श्री नागेश राठौड़ ने विद्यार्थी और विद्यालय परिवार की मेहनत की सराहना की और विद्यार्थी के उज्जवल भविष्य की कामना की।



# इंटर हाउस जूडो व कुश्ती प्रतियोगिता









वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित भँवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सैकण्डरी स्कूल में इंटर हाउस 'कुश्ती व जूडो' प्रतियोगिता का आयोजन वर्द्धमान व्यायामशाला में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ शाला प्राचार्य धर्मेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा किया गया। विद्यालय के शारीरिक शिक्षक गौतम चौहान द्वारा पूरे वर्ष विद्यार्थियों की शारीरिक सुदृढ़ता व सुरक्षा हेतु यह प्रशिक्षण दिया जाता रहा है। यह प्रतियोगिता जूनियर व सीनियर वर्ग में रखी गई। जूनियर वर्ग के लिए कुश्ती में 25 कि.ग्रा. से 65 कि.ग्रा. भार वर्ग व सीनियर में 50 कि.ग्रा. से 80 कि.ग्रा भार वर्ग में छात्र-छात्राओं की अलग-अलग प्रतियोगिता करवाई गई जिसमें छात्रों के साथ-साथ छात्राओं का भी उत्साह व जोश देखते ही बना। यह प्रतियोगिता चार हाउस में विभाजित थी। जिसका परिणाम इस प्रकार रहा - कुश्ती प्रतियोगिता छात्र जूनियर वर्ग में रेड हाउस प्रथम, गोल्ड हाउस द्वितीय व ब्लू हाउस तृतीय स्थान पर रहा। सीनियर छात्र वर्ग में रेड हाउस प्रथम, ब्लू हाउस द्वितीय व ग्रीन हाउस तृतीय स्थान पर रहा। इसी प्रकार छात्राओं की कुश्ती प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग गोल्ड हाउस प्रथम, रेड हाउस द्वितीय व ब्लू हाउस तृतीय स्थान पर रहा। सीनियर छात्रा वर्ग में रेड हाउस प्रथम, ब्लू हाउस द्वितीय, गोल्ड हाउस तृतीय स्थान पर रहा।

छात्रा वर्ग रोमांचक जूडो प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में गोल्ड हाउस प्रथम, रेड हाउस द्वितीय व ब्लू हाउस तृतीय स्थान पर रहा। सीनियर छात्रा वर्ग रेड हाउस प्रथम, गोल्ड हाउस द्वितीय व ग्रीन हाउस तृतीय स्थान पर रहा। इस प्रतियोगिता में ज्योति चौहान नें संयोजक, गौतम चौहान ने निर्णायक एवं विवेक भट्ट ने टाइम कीपर की भूमिका निभाई। इस अवसर पर श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख, शाला निदेशक डॉ. आर. सी. लोढ़ा विद्यालय प्राचार्य धर्मेन्द्र कुमार शर्मा व उपप्राचार्या श्रीमती सुनीता चौधरी, ने सभी विजेता छात्र - छात्राओं को शुभकामना देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।